हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 17 जून 2025

04 प्रशासन ने दिखाया कड़ा रुखः आरोपियों के अवैध...




09 चल समारोह का मकसद एकजुट होकर समाज के...





## खबर संक्षेप

### दरबार अभाविप के आगर जिला संयोजक नियुक्त

**नलखेड़ा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का प्रांत अभ्यास वर्ग 12 से 15 जून तक शुजालपुर में संपन्न हुआ। जिसके अंतिम दिन नवीन दायित्व की घोषणाएं की गईं। जिसमें नलखेड़ा निवासी हुसैन दरबार पिता अली असगर दरबार को आगर जिले का संयोजक नियुक्त किया गया। नगर के कार्यकर्ताओं एवं इष्टमित्रों द्वारा उनका स्वागत कर बधाई दी गई।



### ग्रीष्मकालीन हॉकी शिविर का समापन

**सीहोर।** 5 अप्रैल से 14 जून को होमगार्ड ग्राउंड सीहोर में चल रहा हॉकी प्रशिक्षण शिविर में सीहोर, भोपाल, विदिशा के युवक-युवतियों ने भाग लेकर हॉकी का प्रशिक्षण प्राप्त किया। जिसमें जिला हॉकी संघ के कोच रसूल अहमद सिद्दिकी एवं मास्टर गेम ऐसोसिएशन की सचिव अफशा सिद्दिकी ने बड़ी मेहनत व उत्साह से बच्चों को हॉकी का प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर समय-समय पर भोपाल से नेशनल खिलाड़ी यूसुफ सर, पुलिस ऐवार्डी इम्तियाज उद्दीन सर, नेशनल रेफरी फिरोज खान सर, सतीष रायकवार विदिशा हॉकी कोच के द्वारा समय-समय पर आकर हॉकी की बारिकियों की जनाकारियां दी।

### योगासन खेल से संबंधित बैठक संपन्न

**सीहोर।** आर्य समाज मंदिर महाराणा प्रताप कॉलोनी गंज में योगासन खेल से संबंधित एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। आर्य समाज द्वारा महाराणा प्रताप कॉलोनी गंज सीहोर में वैदिक यज्ञ के पश्चात वेद प्रकाश जी शर्मा आईपीएस, अध्यक्ष मध्यप्रदेश योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन टी. एस. बावल, संयुक्त सचिव मध्य प्रदेश योगासन स्पोर्ट्स एसो के मार्गदर्शन में रखी गई।

### बारिश से न्यूनतम पारा 6 डिग्री लुढ़का, बिजली कटौती और गर्मी से लोग परेशान

# अघोषित कटौती ने लोगों का किया जीना मुहाल

## हल्की बारिश और हवा में हो रहा ब्लैक आउट

घंटों बिजली कटोती के बाद लगातार हुए मेंटनेंस के बाद भी शहर की बिजली व्यवस्था के हालात बद से बदतर है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



मानसून की एंट्री से पहले जिले में तेज आंधी और बारिश का दौर शुरू हो गया है। शनिवार रात जिले में झमाझम बारिश हुई। हवा-आंधी के साथ हुई बारिश से रात का तापमान 6 डिग्री तक लुढ़क गया। पारे में गिरावट के बाद भी लोगों को गर्मी से राहत नहीं मिली है। लेकिन इसके बाद उमस भरी गर्मी से लोगों के हाल-बेहाल कर दिए हैं। इधर अघोषित बिजली कटौती ने लोगों को जीना मुहाल कर दिया है। हल्की बारिश और हवा चलने पर शहर में बिजली कटौती हो रही है। शनिवार रात भी बिजली कटौती के चलते लोगों को गर्मी और उमस के बीच रात गुजरनी पड़ी। शनिवार शाम को अचानक मौसम ने करवट बदली और आसामन पर काले घाने बादलों ने डेरा जमा लिया है। कुछ ही देर में तेज हवा के साथ बारिश का दौर शुरू हो गया। करीब आधे घंटे तक रूक_रूक कर बारिश दौर चलने के बाद थम गया। जिले के इछावर में 21, भेरुंदा में 22, जावर में 28, श्यामपुर में 3, सीहोर में 7, रेहटी में 4 और बुधनी में 1 मिमी बारिश हुई। रुक-रुक कर तेज हवाएं चल रही हैं। इसके कारण पुराने भोपाल-इंदौर रोड पर बिजली का खंबा तिरछा हो गया। इससे सड़क के दोनों ओर लंबा जाम लग गया। मौसम विभाग के अनुसार, साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम और कम दबाव क्षेत्र के कारण अगले दो दिन भी ऐसा ही मौसम रहेगा।

#### 16-17 जून तक पहुंचेगा मानसून

विशेषज्ञों के अनुसार, इस बार मानसून 8 दिन पहले देश में आ गया था। वहीं महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ समेत कई राज्यों में यह तय समय से पहले पहुंच गया। ऐसे में अनुमान था कि मप्र में यह जून के पहले सप्ताह में ही आ जाएगा। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। पिछले 15 दिन से मानसून महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ में एक ही जगह पर ठहरा रहा। इस कारण से एमपी में इसकी एंट्री नहीं हो पाई। हालांकि अब मानसून आगे बढ़ने लगा है। इसलिए 16-17 जून तक मानसून के प्रदेश में पहुंचने का अनुमान बना हुआ है।

#### जलभराव की स्थिति से बचने की चल रही तैयारी

कलेक्टर बालागुरू के. निर्देश पर जिले के नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में नालों और नालियों की सफाई की जा रही है। इससे वर्षा ऋतु में पानी की निकासी आसान होगी और जलभराव की स्थिति नहीं बनेगी। कलेक्टर ने अधिकारियों को वर्षा ऋतु से पहले सभी नालों और नालियों की सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

#### शिकायत का नहीं होता समाधान




हल्की बारिश और हवा चलने पर शहर में बिजली गुल हो जाना आम बात है। बिजली कंपनी लोगों की शिकायत और सामधान के लिए वाट्सएप ग्रुप बनाया है। इस ग्रुप पर शनिवार रात तीन बजे तक लोग शिकायत करते रहे। लेकिन बिजली कंपनी के जिम्मेदार अधिकारियों_कर्मचारियों ने कोई जबाव नहीं दिया। इस ग्रुप से जुड़े शहर के आमजनों आक्रोशित होकर जमकर भड़ास निकाली।





# भाभी की हत्या करने वाले देवर को आजीवन कारावास

## जमीन के विवाद में की थी हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



अपनी ही सगी भाभी की कुल्हाड़ी से हमला कर हत्या करने के मामले को कोर्ट ने जघन्य एवं सनसनीखेज अपराध में हत्या करने वाले आरोपी देवर को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। चर्चा में रहा यह फैसला तहसील आष्टा के प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश महेश कुमार चौहान ने शनिवार को सुनाया। अतिरिक्त जिला अभियोजन अधिकारी, देवेन्द्र सिंह ठाकुर ने बताया कि अभियोजन कहानी इस प्रकार है कि दिनांक 31 दिसंबर 23 को फरियादी अजय श्रीवास्तव अपने खेत पर अपनी पत्नी रेखा श्रीवास्तव के साथ प्याज लगा रहा था,तभी वहां फरियादी का भाई अरनिया दाऊद आष्टा निवासी आरोपी विजय (35) पिता भगवती प्रसाद श्रीवास्तव आया और कहने लगा कि तुम दूसरी जगह प्याज लगाओ यह मेरी जमीन है, फरियादी ने कहा कि तुम अपने हिस्से में अपनी प्याज लगाओ।

हम उधर प्याज नहीं लगाएंगे। इसी बात को लेकर फरियादी के भाई विजय गाली-गलौच करने लगा। इसके बाद खेत पर ही रखी कुल्हाड़ी लेकर आया और फरियादी की पत्नी को जान से मारने की नीयत से उसके सिर में पीछे, आगे एवं नाक में कुल्हाड़ी ने हमला कर दिया। जिससे जिससे फरियादी की पत्नी को खून लहुलूहान हो गई और वह नीचे गिर गई। फरियादी ने अपनी पत्नी को बचाने की कोशिश की तो विजय ने जान से मारने की नीयत से उसे भी कुल्हाडी मारी जो उसके सीधे हाथ में लगी। फरियादी के मदद के लिए पुकार लगाने पर गांव के लोग ने आरोपी विजय को पकड़ा और फरियादी और उसकी पत्नी को आष्टा लेकर गए,जहां सिविल आष्टा में प्राथमिक इलाज हुआ और फरियादी की पत्नी को सीहोर के लिये रैफर कर दिया। जिला अस्पताल सीहोर में डाक्टर ने फरियादी की पत्नी को मृत घोषित किया।

फरियादी की रिपोर्ट पर से थाना आष्टा.में अपराध क्र 764/23अंतर्गत धारा 294, 307, 302, 506 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर संपूर्ण विवेचना उपरांत अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया। न्यायालय द्वारा अभियोजन साक्ष्य एवं अंतिम बहस के दौरान अभियोजन के तर्कों से सहमत होते हुए अभियुक्त को दोष सिद्ध पाते हुए धारा 302 भादवि में आजीवन कारावास एवं एक हजार रुपए अर्थदंड एवं धारा 324 भादवि में 1 वर्ष का कारावास एवं पांच सौ रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई गई।

### विश्व वरिष्ठजन दुर्व्यवहार जागरुकता दिवस पर किया गया वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण

**सीहोर।** प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष प्रकाश चंद्र आर्य के निर्देशानुसार विश्व वरिष्ठजन दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस के अवसर पर सीहोर स्थित संकल्प वृद्धाश्रम में स्वास्थ्य परीक्षण एवं विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में 22 वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा आवश्यकतानुसार निशुल्क दवाएं प्रदान की गई। इस दौरान न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव स्वप्नश्री सिंह ने वृद्धजनों से चर्चा की और अपने स्वास्थ्य के प्रति विशेष रूप से सजग रहने की सलाह दी। उन्होंने वृद्धजनों को विधिक सहायता योजनाओं सहित कानून के संबंध में भी विस्तार से जानकारी दी।

# 'फसल उत्पादकता में वृद्धि के दृष्टिगत किसानों को फसलों की नवीन प्रजातियां को प्रोत्साहित किया जाए'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

प्रदेश के कृषि उत्पादन आयुक्त अशोक वर्णवाल द्वारा रबी वर्ष 2024-25 के उत्पादन तथा आगामी खरीफ की तैयारी के लिए उज्जैन संभाग की समीक्षा के संदर्भ में सोमवार को सीईओ जिल पंचायत नंदा भलावे कुशरे ने कलेक्टर सभाकक्ष में कृषि, उद्यानिक, पशुपालन, सहकारिता, मत्स्य पालन विभाग के अधिकारियों की बैठक ली गई।

सीईओ जिला पंचायत कुशरे ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आगामी खरीफ फसलों के बेहतर उत्पादन तथा किसानों को दी जाने वाली सुविधाओं के संबंध में जिले को नियोजित ढंग से कार्य योजना तैयार की जाए। फसल उत्पादकता में वृद्धि के दृष्टिगत किसानों को फसलों की नवीन प्रजातियां को प्रोत्साहित किया जाए। उन्होंने कृषि में डीएपी के उपयोग की जानकारी लेते हुए किसानों के मध्य 12.32.16 तथा 26.26.0 एनपीके आदि वैकल्पिक उर्वरकों को प्रोत्साहित करने के लिए सघन प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कृषकों को कृषि एवं उद्यानिकी के क्षेत्र में नवाचार के प्रेरित किया जाए।



# बाइक पर सवार होकर आए तीन लड़के, महिला से छीन ले गए पर्स में रखे नोट और मोबाइल

## घटना के बाद पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की मदद से बदमाशों को दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर में आसामाजिक और बदमाशों का आंतक तेजी से बढ़ रहा है। शहर के बाजार क्षेत्र खंजाची लाइन से दिनदहाड़े एक महिला का तीन बदमाश लड़के पर्स झपट आंखों के सामने से भाग निकले थे। पर्स में नोटों के अलावा मोबाइल व अन्य सामान रखा था। चार दिन पहले हुए इस घटनाक्रम के बाद पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की मदद से तीन बदमाशों को दबोच लिया है।

पुलिस के अनुसार खंजाची लाइन निवासी रौनक अग्रवाल पिता पिता विष्णु दयाल अग्रवाल ने 12 जून को कोतवाली थाने में रिपोर्ट लिखाई थी। जिसमें बताया था कि उनकी माताजी सरिता देवी अग्रवाल 11 जून को बाजार से आवश्यक काम करने के कृष्णा डेयरी के पास अपने घर वापस आ रही थीं। बताया जाता है कि इसी दौरान



शाम छह बजे के करीब मोटर साइकिल से तीन लडक़े अग्रवाल पंचायती वाली गली से आए और मेरी मां के कंधे पर टंका हुआ बैग झपट कर आंखों के सामने से भाग फरार हो गए। मेरी मां के पर्स में मोटरोला कम्पनी का मोबाइल,एक चश्मा 1500 रुपए और अन्य जरूरी कागज रखे थे। रौनक ने पुलिस को बताया कि घटना का जैसे ही उसे पता लगा तो वह अपने दोस्त रोहित के साथ बाइक सवार बदमाश लडक़ों को काफी तलाशा, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। इस मामले में कोतवाली पुलिस ने मामला कायम कर अज्ञात बदमाशों की तलाश शुरू की थी। शहर के ही निकले तीन बदमाश लडक़ेनगर पुलिस अधीक्षक निरंजन सिंह राजपूत और टीआई कोतवाली रविन्द्र यादव ने बताया कि आरोपियों की तलाश के लिए टीम गठित की गई थी।

सीसीटीवी, तकनीकी साक्ष्य एवं मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों में कासिम ख़ान पिता जावेद खान, मोहम्मद आसिफ़ पिता मोहम्मद सलीम, अयान ख़ान पिता नूरखान तीनों निवासी जमशेद नगर कस्बा सीहोर शामिल हैं। आरोपियों ने पूछताछ में अपना जुर्म कबूल किया। आरोपीगण के पास से महिला का पर्स, मोबाइल और रुपए एवं घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल जब्त की गई। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय सीहोर में पेश किया गया।

### सीईओ जिला पंचायत ने जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा की

# खेत तालाब निर्माण के कार्य में तेजी लाने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जिले में चल रहे कार्यों की समीक्षा सोमवार को सीईओ जिला पंचायत नंदा भलावे कुशरे द्वारा कलेक्टोरेट सभाकक्ष में बैठक लेकर की गई। बैठक में सीईओ जिपं द्वारा ग्रामीण विकास विभाग के समस्त तकनीकी अमले को समय-सीमा में खेत तालाब, अमृत सरोवर, डगवेल रिचार्ज संरचना, रूफ वाटर हार्वेस्टिंग, रिचार्ज शाफ्ट निर्माण, जीर्णोद्वार कार्य समय सीमा में पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही जनपद पंचायतों उपयंत्री एवं एपीओ को खेत तालाब निर्माण के लक्ष्य अनुरूप प्रगति न पाए जाने पर कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। सीईओ जिला पंचायत ने जलसंसाधन विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, शिक्षा विभाग, वन विभाग, जन अभियान परिषद एवं अन्य विभागों के जिला अधिकारियों अभियान अंतर्गत अपेक्षित कार्यवाही करने के निर्देश दिए।





बैठक में पीओ मनरेगा डॉ मनोज कुमार शर्मा, ईई आर ई एस अशोक पाटीदार, समस्त सहायक यंत्री मनरेगा, एपीओ मनरेगा, समस्त सहायक लेखाधिकारी मनरेगा तथा समस्त मुख्य नगरपालिका अधिकारी उपस्थित रहे।

# भाजपा मंडल धरोला की संकल्प सभा संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

सोमवार को भारतीय जनता पार्टी मंडल धरोला की संकल्प सभा देवनारायण मंदिर देवझरी पड़ाना में सम्पन्न हुई। बैठक में सेवा सुशासन गरीब कल्याण को समर्पित विकसित भारत के नरेंद्र मोदी सरकार के 11 साल पर चर्चा कर आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा की गई। बैठक में मुख्य अतिथि जिला उपाध्यक्ष पीरूलाल कलसिया, मंडल अध्यक्ष भंवरसिंह चंद्रावत, जनपद उपाध्यक्ष ईश्वरसिंह, भाजयुमो जिला मंत्री विकास पाटीदार, जनपद सदस्य हरीश मेघवाल, सूरज सिंह, बल्लभ प्रसाद, करणसिंह कांवल एवं समस्त भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्त्तागण उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### मकान में करंट लगने से बच्ची की मौत

**देवास।** विकास नगर सनसिटी क्षेत्र में एक निर्माणाधीन मकान के पास खेलते समय करंट लगने से 10 साल की बच्ची की मौत हो गई। 6 दिन तक चले इलाज के बाद रविवार रात बच्ची ने दम तोड़ दिया। घटना पिछले मंगलवार की है, जब इशानी अपने दोस्तों के साथ खेल रही थी। करंट लगने के बाद उसे तुरंत जिला अस्पताल ले जाया गया। करीब एक घंटे बाद उसकी हार्टबीट वापस आई। इसके बाद उसे अमलतास अस्पताल रेफर किया गया।बच्ची के माता-पिता जितेंद्र और उनकी पत्नी भवन निर्माण में मजदूरी का काम करते हैं। परिजनों का आरोप है कि निर्माणाधीन मकान के ठेकेदार की लापरवाही से ये हादसा हुआ। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### आयुष्मान कार्ड बनाने आपके द्वार निरामयम 16 से 15 जुलाई तक

**देवास।** जिले में आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए आपके द्वार निरामयम्‌ 2.0 अभियान 16 से 15 जुलाई तक चलाया जायेगा। जिसमें जिले में शेष रहे गये पात्र नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाये जायेंगे। अभियान के तहत 70 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्तियों, भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल जिसमें बिल्डिंग एंड अन्य कंस्ट्रक्शन वर्कर्स, उद्योग में काम करने वाले श्रमिकों, धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत एवं एवं अन्य चिंहित शेष पात्र व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाये जायेंगे। सीएमएचओ ने बताया कि देवास जिले में शासन द्वारा आयुष्मान कार्ड बनाने 10 लाख 19 हजार 891 लक्ष्य दिया गया है। जिले में अब तक 8 लाख 73 हजार 641 पात्र व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाये गये है। शेष रहे 01 लाख 46 हजार 250 पात्र हितग्राहियों के शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाये जाने के उद्देश्य से अभियान चलाया जा रहा है।

ग्राम सिया की एक बावड़ी में गोवंश मिलने से मचा हड़कंप

# प्रशासन ने दिखाया कड़ा रुखः आरोपियों के अवैध निर्माणों पर चलाया बुलडोजर

बजरंग दल सहित विभिन्न हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओ ने बीएनपी थाने में प्रदर्शन करते हुए दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



सोमवार देवास के समीप एबी रोड पर स्थित ग्राम सिया में एक बावड़ी में गोवंश मिलने से हड़कंप मच गया। गुस्साए लोगों ने बीएनपी थाने पर का घेराव किया। जहां हिन्दू संगठन व भाजपा कार्यकर्ता भी मौके पर पहुंचे और पुलिस कर्मियों से एफआईआर कर आरोपियों पर कड़ी कारवाई की मांग की। बावड़ी में 3 से 4 गायों के अवशेष होने की आशंका जताई गई है। वहीं पुलिस ने संदिग्ध आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ जारी की। वहीं मामले में पहुंचे भाजपा नेता राजेश यादव ने कहा कि, गायों के संरक्षण के लिए भाजपा काम कर रही है। ऐसे में अधर्मी लोगों द्वारा गाय को काटकर ऐसे में धार्मिक भावना आहत कर रहे है। गाय की हत्या करना जघन्य अपराध है। जिन आरोपियों पर कड़ी कारवाई होना चाहिए। साथ ही जिस बावड़ी में अवशेष मिले है उस पर कब्जा करने का प्रयास विधर्मी लोगों द्वारा किया जा रहा है जिसकी जांच की जांच की जाना चाहिए। बावड़ी में भैरव मंदिर भी बताया जा रहा है। आरोपियों पर कड़ी कारवाई करते हुए घर तोड़ने की मांग भी हिंदू संगठन ने की।

### किसान ने की अवशेषों की पहचान

प्राप्त जानकारी के अनुसार, शहरीय सीमा से 08 किमी दूर सियापुरा गांव में रविवार-सोमवार की दरम्यानी रात एक किसान कैलाशचंद्र कुमावत की तीन गायें संदिग्ध परिस्थितियों में बाड़े से गायब हो गईं थी। सोमवार सुबह गांव की बावड़ी में गायों के अवशेष दिखाई दिए, जिसमें सींग और चमड़ी के टुकड़ों के अलावा रस्सियां भी बंधी हुई थीं। किसान ने इन रस्सियों के आधार पर गायों की पहचान की और थाने में शिकायत दर्ज करवाई।

### हिंदू संगठनों ने जताया विरोध

घटना की सूचना मिलते ही बजरंग दल सहित विभिन्न हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और बीएनपी थाने में प्रदर्शन करते हुए दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की। बजरंग दल के जिला गौरक्षा प्रमुख रमेश कौशल ने बताया कि जिस स्थान पर अवशेष मिले हैं, वह गांव का सार्वजनिक जल स्त्रोत है, जिससे न सिर्फ धार्मिक भावना आहत हुई है बल्कि स्वच्छता और स्वास्थ्य को भी खतरा उत्पन्न हो गया है।



### पुलिस ने दो संदिग्धों को लिया हिरासत में

बीएनपी थाना पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी गई है। एएसपी जयवीर सिंह भदौरिया ने बताया कि मामले में एफआईआर दर्ज कर ली गई है और कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। स्थिति की वास्तविकता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी।

### प्रशासनिक कार्रवाई में चला बुलडोजर

घटना को गंभीरता से लेते हुए देवास विकास प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष एवं भाजपा नेता राजेश यादव भी थाने पहुंचे और अधिकारियों से सख्त कार्रवाई की मांग की। इसी क्रम में प्रशासन द्वारा आरोपियों के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए उनके अवैध निर्माणों पर बुलडोजर चलाया गया। पुलिस और प्रशासन की संयुक्त कार्रवाई में कई अवैध निर्माणों को ध्वस्त कर दिया गया। इस कार्रवाई के दौरान थाना प्रभारी अमित सोलंकी, तहसीलदार सपना शर्मा, हिन्दू संगठन के कार्यकर्ता रमेश कौशल सहित अनेक अधिकारी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। स्थानीय प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा धार्मिक भावनाओं को आहत करने वालों के विरुद्ध सख्त कदम उठाए जाएंगे।

### 32 वर्षों के बाद त्रिलोक नगर गृह निर्माण सहकारी संस्था के हुए चुनाव



**देवास।** त्रिलोक नगर गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित अध्यक्ष पद के चुनाव सोमवार को संपन्न हुए। 32 वर्षों के बाद पूर्व अध्यक्ष टीपी तिवारी का संस्था से कब्जा हटा अध्यक्ष पद त्रिलोक नगर रहवासी संघ कब्जा काबिज हो गया। त्रिलोक नगर रहवासी संघ के संयोजक अनिल सिंह ठाकुर ने बताया कि संस्था के अध्यक्ष मुकेश रावत द्वारा आर्थिक रूप से अनियमित के चलते सहकारिता उपायुक्त परमानंद मोड़रिया द्वारा हटाया गया था। 16 जून, सोमवार को संस्था अध्यक्ष पद का चुनाव शॉपिंग कॉम्प्लेक्स कार्यालय इटावा त्रिलोक नगर में चुनाव अधिकारी आनंद खत्री, त्रिलोक नगर गृह निर्माण संस्था प्रशासक जोवाकिम कुजूर, जगदीश खींची, मयंक रावत द्वारा चुनाव किया गया। जिसमें अध्यक्ष पद त्रिलोक नगर रहवासी संघ से नरेंद्र दाडंगे और मुकेश रावत के बीच चुनाव में 11 संचालकों ने मतदान किया। 1 वोट से नरेंद्र विजय घोषित किए गए।इस अवसर पर संचालक मंडल के सदस्य संतोष जोशी, उत्तम राव चढोकर, गणेश पवार, सुनंदा भोले, श्रीमती उर्मिला व्यास, प्रकाश सालुनके, पीयुष जोशी, सुधीर सालुनके, मौर्या जी आदि ने विधायक श्रीमंत राजे, पार्षद राजेंद्र सिंह ठाकुर, सहकारिता उपायुक्त परमानंद मोड़रिया के सहयोग के प्रति आभार माना।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने दिया ज्ञापन, किलकारी प्रोजेक्ट का कर रहीं विरोध

100 किमी दूर कैसे लेकर जाएं बच्चे



**देवास।** महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी को ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

16 जून को बागली परियोजना की कार्यकर्ताओं ने आंगनबाड़ी संघ की प्रदेश महामंत्री रंजना राणा के नेतृत्व में एसडीएम के नाम तहसीलदार एवं महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि देवास जिले में किलकारी प्रोजेक्ट के नाम पर कन्नौद खातेगांव खातेगांव बागली परियोजना से कुपोषित बच्चों को इंडेक्स अस्पताल इंदौर में 15 दिन के लिए भर्ती करने का आदेश दिया गया है।

इतनी भीषण गर्मी में इतने छोटे बच्चों को 100 किलोमीटर कैसे लेकर जाएं। कार्यकर्ताएं इस तरह के आदेश से है बहुत परेशान हितग्राही इतनी दूर जाने को तैयार नहीं है। परियोजना कन्नौद खातेगांव में कार्यकर्ताओं ने शासन से मांग की है कि अगर इस तरह का प्रोजेक्ट कुपोषण पर चलना है तो सरकार परियोजना स्तर पर या सेक्टर स्तर पर ही बच्चों को भर्ती करें या शासकीय एनआरसी में ही सुविधा बढ़ा कर दे जिससे कि बच्चों को भी और हितग्राहियों को भी सुविधा मिले। साथ ही कार्यकर्ताओं पर इस विषय को लेकर आने का आवश्यक दबाव बनाया जा रहा है। अस्पताल के द्वारा कोई वाहन व्यवस्था उपलब्ध नहीं कराई जा रही है। कार्यकर्ताओं को स्वयं के पैसे से बच्चों को वहां ले जाकर भरती करना है। 100 किलोमीटर दूर इतनी भीषण गर्मी में कोई भी अपने बच्चों को लेकर नहीं जाएंगे। एनआरसी में जहां सरकार के द्वारा पैसा भी दिया जाता है उसे छोड़कर प्राइवेट इलाज अभिभावक नहीं करना चाहेंगे। प्रशासन को यदि कुपोषण पर काम करना है तो जैसे सरकार का एक प्रोजेक्ट था एनआरसी का वैसे ही परियोजना स्तर पर या सेक्टर स्तर पर शिविर लगाकर उन सेक्टर के बच्चों को वहीं भर्ती करके और प्राइवेट अस्पताल के डॉक्टरों द्वारा जांच की जाए। हम इतनी गर्मी में पूरे समय बिना अवकाश के लगातार कार्य कर रहे है, परंतु हम हितग्राहियों पर दबाव नहीं डाल सकते।

हम पर इसके लिए बहुत दबाव डाला जा रहा है,जबकि हितग्राही तैयार ही नहीं है, हम मानसिक रूप से परेशान हो गए है। हमने शासन द्वारा सौपे गए हर कार्य को पूर्ण गंभीरता से किया. और हर लक्ष्य पूर्ण करने की पूरी कोशिश की है, ये हमारे बस में नहीं हैं। सुपरवाइजर हमारे साथ जाकर समझाइए दे चुकी है लेकिन हितग्राही तैयार नहीं हो रहे है। इस दौरान संजना परसाई, रानी सिंह, रूक्मिणी यादव, जरीना खान, स्नेहलता गौड, उमा तिवारी, लाड़ कुंवर राठौड, संगीता राजपूत, शर्मिला गुर्जर, रामकुमार राजावत, अनीता राठौर, श्यामा एवं परियोजना की प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रही। आभार परियोजना अध्यक्ष श्वेता सोलंकी ने माना।

# देवास जिले के मुख्यमंत्री संबंल योजना के हितग्राहियों को 28 लाख की राशि का अंतरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के द्वारा बरगी जबलपुर से मुख्यमंत्री जनकल्याण संबंल 2.0 योजना के हितग्राहियों को सिंगल क्लीक से डीबीटी के माध्यम से राशि का अंतरण किया गया। उक्त कार्यक्रम मे देवास निगम सीमा क्षेत्र के 13 श्रमिक हितग्राहियों के आश्रितों को राशि रूपये 28 लाख की राशि का अंतरण किया गया। निगम सभागार मे आयोजित वर्चुअली कार्यक्रम मे विधायक एवं महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, सभापति रवि जैन, निगम लोक निर्माण समिती अध्यक्ष गणेश पटेल, स्वास्थ्य समिती अध्यक्ष धर्मेन्द्रसिह बैस, पार्षद बाली घोसी, पार्षद प्रतिनिधि नितीन आहूजा के द्वारा 13 हितग्राहियों जिसमे श्रमिक की सामान्य मृत्य होने पर 12 हितग्राहियों को 2 लाख प्रति हितग्राही के मान से 24 लाख व 1 हितग्राही की दुर्घटना मे मृत्यु होने पर 4 लाख की राशि के लाभो के प्रमाण पत्रों का वितरण इनके आश्रितों को किया गया। इस अवसर पर निगम उपायुक्त जाकीर जाफरी, लेबर इंस्पेक्टर अरविन्द कुमार, अमित डोडवे, श्रवण मालवीय, विशाल जगताप, मुकेश सोलंकी सहित बडी संख्या मे हितग्राही उपस्थित रहे।

# शहर के सांदीपनि विद्यालय में मनाया प्रवेश उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



शासकीय सांदीपनि विद्यालय बालगढ़ देवास में नवीन सत्र 2025-26 का शुभारम्भ भव्य एवं गरिमामय प्रवेश उत्सव के साथ हुआ। विद्यालय के प्राचार्य देवेंद्र बंसल ने बताया कि सांदीपनि विद्यालय की अवधारणा के अनुसार पहले से ही प्रिंट समृद्ध विद्यालय को विद्यार्थियों के स्वागत के लिए तैयार किया गया। बन्दनवार सजाये गए, रंगोली बनाई गई, स्वागत द्वार तथा स्वागत पथ बनाया गया। इसके पश्चात विद्यालय में प्रवेश करने वाले विद्यार्थियों का ढ़ोल ताशों के साथ पुष्प वर्षा करके तिलक लगा कर प्रवेश कराया गया। विद्यालय प्रांगण में लगभग 70 प्रतिशत बच्चों की उपस्थिति के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई।सत्र के प्रथम दिवस विद्यालय के शिक्षकों ने विद्यालय को सजाने के साथ ही प्रतिदिन विद्यार्थियों द्वारा की जाने वाली प्रार्थना सभा प्रस्तुत की, जिसमें सरस्वती वंदना, ईश वंदना, प्रेरणागीत, प्रतिज्ञा, पंचांग, सुविचार, राष्ट्रगीत, राष्ट्रगान आदि की प्रस्तुति दी गई। इसके पश्चात विद्यालय से कक्षा 10वीं में विद्यालय में सर्वोच्च अंक प्राप्त विद्यार्थी एवं कक्षा 12वीं में विभिन्न संकायों में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को इनके माता पिता के साथ मंच पर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का संचालन आयुषी पंड्या ने किया एवं आभार विद्यालय के प्रधानाध्यापक संजय पाटिल ने माना।

स्कूल संचालकों की बैठक में सुप्रीम कोर्ट की गाइड लाइन का पालन करने के दिए निर्देश

# स्कूल बसों का पंजीयन, फिटनेस, बीमा, परमिट, टेक्स, पीयूसी अनिवार्य






हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देशानुसार जिले के समस्त स्कूल संचालकों की बैठक पुलिस कन्ट्रोल रूम देवास में आयोजित की गई।

आयोजित हुई बैठक में एएसपी यातायात एच.एन. बॉथम, जिला परिवहन अधिकारी यातायात निशा चौहान, थाना प्रभारी यातायात पवन बागड़ी, जिला शिक्षा अधिकारी हरिसिंह भारती, स्कूल संचालक उपस्थित थे। बैठक में उपस्थित स्कूल संचालकों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने विद्यालय में संचालित होने वाली स्कूल बसों का संचालन सुप्रीम कोर्ट की गाइड लाइन के अनुरूप ही करें। सभी स्कूल बसों का पंजीयन, फिटनेस, बीमा, परमिट, टेक्स, पीयूसी अनिवार्य रूप से अद्यतन होने के साथ ही वाहनों में आपातकालीन द्वार, अग्निशमन यंत्र, कैमरा, वीएलटीडी, स्पीड गवर्नर, फर्स्ट एड बॉक्स भी कार्यरत स्थिति में होना आवश्यक है।

बैठक में स्कूल संचालकों को निर्देशित किया गया कि स्कूल बसों में छात्राओं के परिवहन होने की स्थिति में स्कूल बस में महिला अटैण्डर का होना भी अनिवार्य है। स्कूल वाहन चालकों का मेडिकल परीक्षण, पुलिस वेरिफिकेशन कराने एवं चालक को कम से कम 5 वर्ष का अनुभव होने पर ही रखने के निर्देश दिये गये। स्कूल संचालकों को निर्देश दिये कि वाहन चालकों एवं परिचालकों को समय-समय पर अग्निशमन यंत्र चलाने एवं प्राथमिक उपचार प्रदाय करने संबंधी प्रशिक्षण दें। बैठक में शासन की ''राहवीर योजना के बारे में बताया गया, जिसके तहत सड़क पर किसी गम्भीर दुर्घटना घटित होने की स्थिति में घायल को स्वर्णिम समय'' गोल्डन अवर में अस्पताल पहुंचाने पर राहवीर को रूपये 25 हजार रूपये तथा प्रमाण पत्र प्रदाय किया जाता है। बैठक में सायबर क्राईम के बारे में भी स्कूलों संचालकों को जानकारी दी गई।

स्कूल संचालकों को यह भी निर्देशित किया गया कि आने वाले वर्षाकाल को दृष्टिगत रखते हुए स्कूल बसों को अच्छी स्थिति में संचालित की जाये, ग्रामीण क्षेत्रों में पुल पुलिया पर जलभराव होने की स्थिति में वाहनों को पार नहीं करें।

सभी स्कूल बस संचालक अपने-अपने विद्यालय में संचालित बसों की जानकारी निर्धारित प्रारूप में जिला शिक्षा अधिकारी को 7 दिवस में प्रस्तुत करें। नियम विरूद्ध संचालित स्कूल बसों के विरूद्ध सघन चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है। यदि किसी बस में आवश्यक दस्तावेज नहीं पाये जाते है अथवा स्कूल बस सुप्रीम कोर्ट की गाईड लाईन का पालन नहीं करते संचालित होती पाई जाती है तो नियमानुसार चालानी/जप्ती संबंधी कार्रवाई की जाएगी।

# पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में नए सत्र का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ कमलापुर

पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कमलापुर में नवीन शैक्षणिक सत्र 2025–26 का शुभारंभ उत्साहपूर्वक किया गया। विद्यालय में प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं का पारंपरिक रूप से तिलक लगाकर एवं पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को प्रेरणादायक शब्दों से प्रोत्साहित किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।प्राचार्य अनंत नागर ने छात्रों को संबोधित करते हुए नियमित उपस्थिति, समय पालन एवं अनुशासन का महत्व समझाया। उन्होंने बताया कि विद्यालय में कक्षाओं का नियमित संचालन प्रारंभ हो चुका है तथा सभी विषयों के लिए शिक्षकों द्वारा नियमित रूप से पठन-पाठन किया जा रहा है।विद्यालय परिसर में नवागंतुक छात्रों के स्वागत हेतु विशेष सजावट की गई थी जिससे छात्रों में उत्साह का माहौल बना रहा। पहले ही दिन छात्रों ने उत्साहपूर्वक कक्षाओं में भाग लिया।।

## खबर संक्षेप

### फसल बीमा योजना बनी किसानों का सहारा

**सीहोर।** केंद्र एवं राज्य सरकार कृषि को उन्नत बनाने और किसानों के कल्याण के लिए अनेकों जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना भी उन्हीं योजनाओं में से एक है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य किसानों की फसलों को प्राकृतिक आपदाओं, कीट-रोगों और मौसम जनित जोखिमों से सुरक्षा प्रदान करना है। यह योजना किसानों के लिए एक सुरक्षा कवच की तरह कार्य कर रही है। इस योजना के अंतर्गत अपनी फसलों का बीमा कराने के लिए किसानों को नाममात्र की प्रीमियम राशि का भुगतान करना होता है।

### आठ दिवसीय समर डांस वर्कशॉप का समापन

**भैरुंदा।** स्वर्गीय गोमती देवी मकवाना की स्मृति में आयोजित समर डांस वर्कशॉप का समापन समारोह रविवार को संपन्न हुआ। नटराज डांस स्टूडियो द्वारा आयोजित इस आठ दिवसीय वर्कशॉप का यह समापन केवल एक नृत्य प्रस्तुति नहीं, बल्कि परिवार, समाज और कला के संयुक्त भावों का एक सुंदर चित्र था।कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से हुई। अतिथियों का स्वागत अंगवस्त्र और पुष्पों से किया गया। संचालन की कमान संभाली रवि मंगल ने, जिनकी सधी हुई शैली ने पूरे कार्यक्रम को जीवंत बनाए रखा। इस अवसर पर पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष रवि मालवीय ने आयोजन को एक माँ को समर्पित श्रद्धांजलि बताते हुए कहा कि यह कार्यक्रम एक भावपूर्ण श्रद्धा को समाज के साथ साझा करने का प्रेरक उदाहरण है। नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर ने भैरुंदा जैसे छोटे नगर से इस स्तर का आयोजन निकलना गर्व की बात बताया। नृत्य और आत्म-अभिव्यक्ति की मंचीय प्रस्तुतिवर्कशॉप में कथक और हिपहॉप जैसी विधाओं में बच्चों ने शानदार प्रस्तुतियाँ दीं। कथक अनुभाग में प्रशिक्षिका निधि मंडलोई ने 'नृत्य से जीवन तक' विषय पर विचार साझा किए और शुद्ध भाव एवं ताल में सजीव प्रस्तुति दिलवाई। हिपहॉप अनुभाग में प्रशिक्षिका राधिका यादव ने 'रिद्म में आत्मा' के विषय पर बात करते हुए ऊर्जा से भरपूर प्रदर्शन करवाया।दोनों प्रशिक्षिकाओं ने स्वयं भी प्रस्तुति दी, जिसने दर्शकों को अभिभूत कर दिया। प्रशिक्षकों और उनके माता-पिता को मंच पर विशेष सम्मान दिया गया, साथ ही सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति-पत्र और वालंटियर्स को प्रतीक चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। आयोजन का स्वागत भाषण रितेश मकवाना ने दिया, जिन्होंने कार्यक्रम की भावना को अपनी माता स्व. गोमती देवी की स्मृति से जोड़ते हुए इसे आत्मीय श्रद्धांजलि बताया।

### अभा चंद्रवंशी क्षत्रीय खाती समाजर ने निकाला भगवान जगदीश का चल समारोह

# चल समारोह का मकसद एकजुट होकर समाज के लिए काम करें: अजय पटेल

भगवान जगदीश की रथ यात्रा में भजनों पर झूमे भक्त। भगवान जगदीश के चल समारोह का जगह-जगह किया स्वागत।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



अखिल भारतीय चंद्रवंशी क्षत्रीय खाती समाज के तत्वाधान में रविवार को शहर में निकली भगवान जगदीश की रथयात्रा देखने लायक रही। भव्य यात्रा में शहर सहित आस-पास के समाजजन शामिल थे। जिन्होंने आस्था और उत्साह के साथ भगवान के जयकारें लगाए। यात्रा का समापन विशाल जनसभा के रूप में किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में समाजजनों को यहां पर वक्ताओं ने संबोधित किया। यात्रा संयोजक डॉ. अजय पटेल के नेतृत्व में भव्य तैयारियां की गई थी। इस वर्ष भी अखिल भारतीय चन्द्रवंशी खाती समाज द्वारा भगवान जगदीश की रथ यात्रा बड़े पैमाने पर धूमधाम से निकाली गई। शहर के प्रमुख मार्गो पर रथयात्रा का कई सामाजिक संगठनों द्वारा जगह-जगह स्वागत किया।

इस मौके पर लीसा टाकीज चौराहे पर विठलेश समिति की ओर से पंडित समीर शुक्ला, विनय मिश्रा, मनोज दीक्षित मामा, आशीष वर्मा, आकाश शर्मा, यश अग्रवाल, सौभाग्य मिश्रा, रविन्द्र नायक, महेन्द्र शर्मा सहित अन्य ने यात्रा के संयोजक डॉ. अजय पटेल और चल समारोह के अध्यक्ष हरिओम पटेल सहित अन्य का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। शहर के अनेक स्थानों पर चल समारोह का सभी सामाजिक संगठनों, राजनैतिक दलों के अलावा समाजों ने स्वागत किया। चल समारोह के संयोजक डॉ. अजय पटेल ने बताया कि जिसके सिर पर जगन्नाथ का हाथ, जगत उसके साथ, भव्य रथ यात्रा शहर के भोपाल नाका आवासीय स्कूल से आरंभ हुई। इससे पहले यात्रा का शुभारंभ आस्था से हनुमान जी की पूजा-अर्चना और आरती के साथ किया गया था। चल समारोह शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए लीसा टाकीज पर समापन और महासभा में तब्दील हुआ। इस मौके पर मंच से समाजजनों ने अपने वरिष्ठजनों के संबोधन को सुना और पूरे उत्साह से भाग लिया।



चल समारोह का मकसद है कि सभी एकजुट होकर समाज के लिए काम करें। उन्होंने सभी से मिलकर आगे भी इसी तरह के आयोजन करते रहने की बात पर जोर दिया।



निकाली गई इस भव्य जगदीश यात्रा को निकालने के लिए लंबे समय से तैयारियां की जा रही थीं। समाज के पदाधिकारी गांव-गांव पहुंचकर लोगों को इसके बारे में बता रहे थे। साथ ही शामिल होने की अपील कर रहे थे। आज जब यात्रा निकाली गई तो बड़ी संख्या में शहर सहित आस-पास के क्षेत्रवासी शामिल हुए। इसमें डीजे की धुन पर बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। चल समारोह में बैंड-बाजे के साथ ढोल-ताशे और भगवान जगदीश की झांकी सहित अन्य की झांकी आकर्षण का केन्द्र रही।

# मुरावर में स्कूल के भवन से हटाया गया अतिक्रमण

### कब्जा कर शाला भवन को बनाया था आवास



**जावर।** शासकीय प्राथमिक विद्यालय के भवन में किया गया अतिक्रमण हटाया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार राजस्व तथा पुलिस के अमले द्वारा जावर तहसील के ग्राम मुरावर में शासकीय प्राथमिक विद्यालय के भवन में किया गया अतिक्रमण हटाया गया। गांव के ही निवासी मोहन द्वारा इस शासकीय प्राथमिक विद्यालय के भवन पर अतिक्रमण कर इसे अपना निवास स्थल बना लिया गया था और भवन मे अपना भूसा, कंडे, प्याज आदि सामग्री का भंडारण भी कर लिया गया था। ग्रामवासियों ने इसकी शिकायत जब कलेक्टर बालागुरू के. से की तो कलेक्टर ने तुरंत संबंधित अधिकारियों को स्कूल के भवन से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। कलेक्टर के निर्देशानुसार राजस्व तथा पुलिस के अमले द्वारा ग्राम मुरावर पहुंचकर स्कूल के भवन से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई और स्कूल के भवन को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। यह कार्रवाई तहसीलदार ओमप्रकाश चोरमा, थाना प्रभारी जावर नीता देअरवाल, सहित राजस्व तथा पुलिस के अमले द्वारा की गई।

### पट्टे की भूमि पर दबंग बना रहे पक्का मकान, मना करने पर जान से मारने की दी जा रही धमकी

**सीहोर।** दलित चिंतक व सेवादल कांग्रेस जिलाध्यक्ष नरेन्द्र खंगराले जाटव द्वारा थाना प्रभारी अजाक्स जिला सीहोर के कार्यालय में करण सिंह मालवीय थाने में उपस्थित कर्मचारी को शिकायत पत्र देकर बताया कि अनुसूचित जाति के भरोस धावरे पिता जयसिंह, पत्नि बसंती बाई निवासी ग्राम पलासीकलाँ थाना तहसील भैरूंदा, जिला सीहोर म.प्र.को पांच एकड़ के लगभग अहस्थांतरणीय भूमि का पट्टा मिला है। भूमि का सीमांकन कराये जाने पर ग्राम के प्रभावशाली व्यक्ति रामहेत पिता चन्दर सिंह विश्वकर्मा, रवि पिता चन्दर सिंह, कांतीबाई पत्नि चन्दरसिंह विश्वकर्मा, सुखराम पिता लोकनाथ जाति सपेरा, सेतान बाई पत्नि मुंशीनाथ सपेरा, ओमप्रकाश, राजेश, संजय, दिनेश पुत्रगण सुखराम सपेरा, मोहन, छोटू, नारायण, मदन, मन्नु पुत्रगण मुंशीलाल सपेरा द्वारा अनुसूचित की पट्टे की भूमि पर अनाधिकृत रूप से दादागिरी व डंडे के जोर पर ताबड़तोड़ मकान बना रहे हैं। पटवारी के मना करने पर उनकी बात नही मान रहे हैं। आवेदक के मना करने पर माँ बहन की गंदी-गंदी गालिया देकर जाति अपमान कर जान से मारने की धमकी दी जा रही है। थाना व एसडीएम राजस्व भेरूंदा का आवेदन देने पर कोई सुनवाई नही हो रही है।

### चल समारोह का सेन समाज ने किया स्वागत

**सीहोर।** रविवार को नगर में अखिल भारतीय चंद्रवंशी क्षत्रीय खाती समाज द्वारा भगवान जगदीश का चल समारोह निकाला गया। इस दौरान जगह-जगह चल समारोह का स्वागत, सम्मान भी हुआ। निकाले गए चल समारोह का सर्वसेन समाज के युवा अध्यक्ष कमोद सेन के नेतृत्व में भोपाल नाके पर स्वागत किया। इस दौरान सेन समाज के मीडिया प्रभारी कमल सेन, तुलसीराम काका, राहुल, पवन, जितेंद्र, संतोष, पवन, सचिन, पंकज, रामेश्वर, विजय, राम, मुदित, एलएस सेन, विष्णु, रामनारायण सहित सेन समाज के लोग बडी संख्या में उपस्थित थे।

# विद्यासागर पाठशाला के नौनिहालों ने भक्ति भाव से की पूजा-अर्चना की

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

संस्कार जागृत करें। बच्चों में खेलने के संस्कार है और पढ़ाई के नहीं।खेल -खेल के साथ पढ़ाई भी करें। बच्चों को पापा अपनी गोदी में बैठाकर मंदिर लाते थे, तभी से धार्मिक संस्कार बच्चों में है।धर्म करते जाएं और आनंद भी आएं, लौकिक खेल में पाप का बंध भी होता है और धर्म करोंगे तो पुण्य अर्जित होगा। मंदिर आओगे तो पुण्य अर्जन होगा। ऐसे कार्य करें जीवन का यापन भी अच्छी तरह से हो।

गुण प्रधान जैन धर्म है, यहां नाम की नहीं गुणों की पूजा होती है।प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ भगवान और नौवें तीर्थंकर पुष्पदंत भगवान के दो -दो नाम और चौबीसवें तीर्थंकर महावीर भगवान के पांच नाम ,शेष इक्कीस तीर्थंकरों के एक - एक नाम है।उक्त बातें श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर पर गणाचार्य श्री विराग सागर जी महाराज की सुयोग्य शिष्या आर्यिका रत्न 105 श्री विदिता श्री माताजी ने आशीष वचन देते हुए कहीं। आपने कहां जिनका समोशरण लगता है और वाणी खिरती है वह अरिहंत परमेष्ठि है।आठ कर्मों का क्षय करने वाले सिद्ध परमेष्ठि होते हैं। घातियां कर्म का नाश करने वाले अरिहंत परमेष्ठि,अघातियां कर्मों को नष्ट करने वाले सिद्ध परमेष्ठि होते हैं।जहां बुराईयां हटती है वहां उपस्थित श्रद्धालुओं से कहा श्रद्धान मजबूत कर भगवान के गुणों को प्राप्त करें। बच्चों से प्रश्न मंच आर्यिका विदिता श्रीजी माता जी ने किए,सभी ने प्रश्नों के उत्तर दिए। प्रत्येक रविवार को सुबह श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर किला पर आचार्य विद्यासागर पाठशाला के नौनिहालों, बालक - बालिकाओं द्वारा भगवान की भक्ति भाव से पूजा-अर्चना की जाती है। तत्पश्चात बालक को भरत - बाहुवलि एवं बालिका को ब्राम्ही सुंदरी बनाकर मुकुट लगाते हैं। लाभार्थी परिवार या मंडल द्वारा पुरुस्कार देकर प्रोत्साहित किया जाता है तथा स्वल्पाहार भी कराया जाता है। रविवार को लाभार्थी निर्वेग श्राविका बहू मंडल था।



# टीन शेड निर्माण का नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि ने किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना विकास योजना अंतर्गत विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर के अधक प्रयासों से वार्ड क्रमांक 3 में रविदास मंदिर पर टीन शेड निर्माण के लिए पांच लाख दिए जिसका कार्य प्रगति पर है नवनिर्मित मंदिर का निरीक्षण जावर नगर परिषद के अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज वैद्य ने किया।

साथ ही निर्माण कर रहे ठेकेदार को गुणवत्ता से कार्य हो इसके लिए निर्देशित किया वही नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज वैध ने बताया कि क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक के प्रयास से जावर नगर में स्वर्णिम विकास हो रहा है। नगर परिषद जावर, जावर विकास के लिए तत्पर है। किए गए निरीक्षण के दौरान दयाराम परिहार, रतन परिहार, रमेश गहरवाल, जयराम परिहार, गोपी परिहार आदि समाजजन उपस्थित थे।

# गायत्री परिवार ने जयंती पार्क से शुरू किया पौधरोपण अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जयंती पार्क में रविवार को अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वाधान में वृक्षारोपण अभियान के तहत 108 वृक्षों का रोपण किया गया। गायत्री शक्ति पीठ परिसर में सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विश्व गायत्री परिवार के उपजोन समन्वयक आर पी हजारी संत मोहित पाठक,अरुणा सुदेश राय वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेष राय,नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने पार्क में पौधा रोपण किया। अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वाधान में 27 से 30 अप्रैल को 108 कुंडी गायत्री महायज्ञ संपन्न हुआ उसके सम्मान समारोह में जयंती पार्क में वृक्षारोपण अभियान के तहत 108 वृक्षों का रोपण यहां के वरिष्ठ नागरिकों एवं गायत्री परिवार के परिजनों द्वारा किया गया। वृक्षारोपण के अवसर पर भोपाल से पधारे आर पी हजारी द्वारा वृक्षों के महत्व पर बताया गया। उन्होने कहा कि गायत्री परिवार प्रतिवर्ष एक करोड़ पौधों का तरु पुत्र के रूप में रोपण करता है वृक्षों से हमें ऑक्सीजन फल फूल छाया आदि के रूप में पर्यावरण संतुलन प्रकृति का संतुलन बनाए रखने का महत्वपूर्ण कर्तव्य पौधे निभाते हैं। गायत्री शक्तिपीठ पर सम्मान समारोह में संत मोहित पाठक महाकाल ने कहा कि परम पूज्य गुरुदेव युग ऋषि वेद मूर्ति पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य के द्वारा संकल्प मनुष्य में देवता का उदय धरती पर स्वर्ग का अवतरण के संकल्प को गांव गांव घर-घर तक हरित क्रांति के माध्यम से नारी जागरण के माध्यम से अभियान के तहत नशा मुक्ति आंदोलन ग्रह ग्रह यज्ञ देव स्थापना आदि देव संस्कृति को घर-घर पहुंचने के लिए सभी गायत्री परिजन संकल्पित हुए। इस काय्रक्रम में प्रमुख रूप से महेश विजवर्गीय गौरव सन्नी महाजन, प्रेमलाल कुशवाहा जिला समन्वयक मनोहर दांगी युवा प्रकोष्ठ, जिला समन्वयक जगदीश परमार, महेश ठाकुर आदि नागरिक शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन रमिला परमार के द्वारा किया गया।



### नागरिकों से की धरती आबा अभियान के तहत योजनाओं का लाभ लेने की अपील

# शासकीय सेवाओं व योजनाओं से किया जाएगा लाभांवित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कलेक्टर बालागुरू के ने 15 जून से 30 जून तक चलाए जाने वाले धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत चिन्हित किए गए सीहोर जिले के 80 गांवों के जनजातीय समुदाय के नागरिकों से अभियान के तहत लगने वाले शिविरों में उपस्थित होने और योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ लेने की अपील की है। उन्होंने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य जनजातीय आबादी के लिए समान अवसरों का सृजन, सामाजिक-आर्थिक स्तर का विकास, बुनियादी ढांचे में सुधार और स्वास्थ्य, शिक्षा एवं आजीविका के क्षेत्र में ठोस प्रगति लाना है। जिले के 80 गांवों में इस अभियान के तहत 15 जून से 30 जून तक शिविर लगाए जाएंगे। उन्होंने अपील की है कि सभी पात्र हितग्राही शिविरों में उपस्थित हों



और पात्रतानुसार शासन की योजनाओं और सेवाओं का लाभ लें, ताकि जनजातीय बाहुल्य क्षेत्रों का भी निरंतर विकास हो सके और कोई भी पात्र हितग्राही योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा जनजातीय समुदायों को सशक्त बनाने के लिए 15 जून से 30 जून 2025 तक धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान संचालित किया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य लक्षित हस्तक्षेपों के माध्यम से देश भर के जनजातीय क्षेत्रों में सेवाओं और बुनियादी ढांचे को संतृप्त करना है। इस अभियान के तहत यह सुनिश्चित किया जाएगा की जनजातीय क्षेत्रों में निवास करने वाले नागरिकों की पात्रतानुसार सभी शासकीय योजनाओं एवं सेवाओं तक पहुंच हो सके। इस अभियान के तहत सीहोर जिले के 80 जनजातीय बाहुल्य गांवों में 15 जून से 30 जून तक शिविरों का आयोजन किया जायेगा। इस अभियान के तहत सीहोर जिले के 80 जनजातीय बाहुल्य ग्रामों के 15, 736 परिवार लाभान्वित होंगे।

### विभिन्न योजना, सेवाओं तक जनजातीय समुदाय की पहुंच होगी सुनिश्चित

धरती आबा अभियान के तहत चिन्हित 80 गांवों में धरती आबा अभियान के तहत लगाये जाने वाले शिविरों में हितग्राहियों के आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, समग्र आईडी, ई-केवायसी एवं जाति प्रमाण पत्र बनाये जायेंगे तथा सामाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रोफाइल पंजीयन एवं बैंक खाते खोलने के कार्य किये जायेंगे। इसके साथ ही राशन कार्ड एवं आयुष्मान कार्ड का वितरण तथा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में नामांकन सहित विभिन्न योजनाओं के आवेदन और स्वीकृति की कार्यवाही भी शिविरों में की जायेगी। शिविरों के माध्यम से विभिन्न योजनाओं और सेवाओं का लाभ जनजातीय वर्ग के प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुँचाया जायेगा। अभियान के तहत शिविरों का आयोजन जिला प्रशासन, सीएससी, स्थानीय अधिकारियों तथा फ्रंटलाइन वर्कर्स के समन्वित प्रयास से होगा।

# नव्याणु यात्रा संपन्न होने पर किया पूर्व विधायक ने तपस्वी का बहुमान



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

महिदपुर रोड नमनु यात्रा की तपस्वी महिमा अजय चोरडिया के निवास स्थान पर पहुंचकर गत दिवस नागदा खाचरोद के पूर्व विधायक दिलीप सिंह गुर्जर ने बहुमान कर तापस्वी के तप की बारंबार अनुमोदना की।

पूर्व विधायक गुर्जर ने कहा कि छोटी सी बालिका ने भीषण गर्मी में नवाणु बार पवित्र शत्रुंजय पहाड़ पर विराजित आदिनाथ दादा की यात्रा की है।निश्चित ही आपके उत्कृष्ट भाव एवं परमात्मा के प्रति सच्ची निष्ठा आस्था एवं समर्पण भाव को प्रदर्शित करता है ।

आपने चौरडिया परिवार के साथ-साथ इस महिदपुर रोड नगर नगर का नाम भी गोरवान्वित किया है मैं अपने विधानसभा क्षेत्र की ओर से आपके मंगल स्वास्थ्य एवं उज्जवल देवीप्यमान भविष्य की मंगल कामना करता हूं इस अवसर पर अजय चोरडिया ,नन्नू गुरु आदि साथी गण उपस्थित थे उक्त जानकारी जैन समाज के मीडिया प्रभारी सचिन भंडारी ने दी।

नवागत एसपी को लगातार दूसरी सफलता मिली, कुरावर क्षेत्र में हुई लूट का खुलासा

# गिरोह हाईवे पर असहायों को बनाता था टारगेट, तीन पकड़े, लूट का माल जब्त

## मुख्य आरोपी पर पूर्व से दर्ज हैं 12 अपराध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

भैंसवामाता मंदिर में हुई चोरी का अल्प समय में खुलासा करने के दूसरे ही दिन नवागत एसपी अमित तोलानी के नेतृत्व में पुलिस टीम को दूसरी बड़ी सफलता हासिल हुई है। विगत 10 जून को कुरावर थानाक्षेत्रान्तर्गत हुई लूट के मामले का भी पुलिस ने खुलासा कर दिया है।

एसपी तोलानी द्वारा रविवार अपरान्ह पुलिस कन्ट्रोल रूम में एक प्रेसवार्ता आयोजित कर पूरे मामले की विस्तार से जानकारी प्रदान की। लूट की घटना को कारित करने वाले तीनों आरोपियों को पुलिस ने माल समेत गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में विशेष बात यह भी है कि आरोपी दुर्घटनाओं में घायल एवं हाईवे पर असहाय व्यक्तियों को टारगेट कर वारदातों को अंजाम दिया करते थे। इसके साथ ही गैंग का मुख्य सरगना पूर्व से शातिर अपराधी है जिसके खिलाफ विभिन्न थानों में 12 अपराध दर्ज हैं।



### वारदात के बाद कच्चे रास्ते से भागे थे आरोपी

9-10 जून की रात्रि ग्राम माना के समीप बोड़ा निवासी बलराम रूहेला से अज्ञात लुटेरों ने पर्स, मोबाइल और बलराम की मोटरसाइकिल लूटकर ले गए थे। मामला संज्ञान में आते ही पुलिस की टीम हरकत में आई और कुरावर सहित आसपास के थानाक्षेत्रों को अलर्ट करते हुए तीनों लुटेरों की तलाश प्रारंभ की गई। लूटरे इतने शातिर थे कि वारदात के बाद उन्होंने हाईवे को छोड़कर कच्चे से भाग निकले थे परन्तु पुलिस का सर्चिंग अभियान लगातार जारी रहा और कड़ी मेहनत एवं तकनीकी सहायता के जरिए आरोपियों को गिरफ्तार कर ही लिया गया।

### तीनों आरोपी भोपाल के निवासी



घटना की पतारसी के लिए नरसिंहगढ़ एसडीओपी उपेंद्र भाटी एवं टीआई संगीता शर्मा उनके थाने सहित जिले की तकनीकी सायबर सेल को मिलाकर एक टीम का गठन किया गया। इस दौरान कई सीसीटीवी खंगाले गए एवं तकनीकी साक्ष्य एकत्रित करते हुए मुखबिरों को भी सक्रिय किया गया। भोपाल के करौंद क्षेत्र के तीन बदमाशों ने इस घटना को अंजाम दिया है। पुलिस टीम द्वारा ग्राम लखनवास हायर सेकन्ड्री स्कूल के समीप दबिश देकर आरोपी भारतपिता प्रेमनारायण सिलावट निवासी पलासा कॉलोनी करौंद भोपाल,ख सुनील पिता लालाराम अहिरवार निवासी पलासी करौंद भोपाल एवं भरत पिता जगदीश चैहान निवासी रतन कॉलोनी भोपाल को गिरफ्तार किया गया।

### लूटे गए माल सहित चोरी की एक्टिवा भी जब्त

आरोपियों के पास से फरियादी से लूटा गया मोबाइल, बाईक और नकदी के साथ ही घटना में प्रयुक्त एक्टिवा वाहन सहित चोरी की एक अन्य स्कूटी को भी पुलिस ने बरामद किया है। इस सफलता में टीआई संगीता शर्मा सहित टीम में शामिल मेहरबान सिंह, रमेशचंद्र खत्री, प्रदीप बैरागी, लक्ष्मण मीणा, राहुल कारपेंटर, माधव, मनोज परिहार, मुकेश मीणा, राजेंद्र कटारिया, देवेंद्र दांगी, महेश पूर्विया सहित सुठालिया टीआई प्रवीण जाट, सुमेर सिंह की अहम भूमिका रही।

कलेक्टर ने बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए दिए निर्देश

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के एसएमओ को भी सौंपे गए वित्तीय अधिकार



राजगढ़। जिले की स्वास्थ्य सेवाओं को सुधारने की कवायद के तहत कलेक्टर गिरीश कुमार मिश्रा ने शनिवार को आयोजित बैठक में सेक्टर मेडीकल ऑफिसरों को वित्तीय अधिकार प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने जिले के सभी सीबीएमओ को उक्त निर्देशो का पालन सुनिश्चित करने एवं सेक्टर अन्तर्गत समस्त अधिकार एसएमओ को लिखित में दिए जाने की बात कही।

आपको बतादें कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के बजट से लेकर कर्मचारियों की उपस्थिति एवं कार्यवाही के अधिकार सीबीएमओ स्वयं अपने पास रखते थे। जब कलेक्टर को ज्ञात हुआ कि जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में डिलेवरी की स्थिति शून्य है।

ऐसे में कलेक्टर ने डिलेवरी प्वाइंटों को सक्रिय करने के निर्देश दिए। इन अस्पतालों में पदस्थ एसएमओ (सेक्टर मेडीकल ऑफिसर) अपने पास किसी भी प्रकार के अधिकारी नहीं होने की बात कह रहे थे। कलेक्टर ने तुरंत एसएमओ को उनकी पीएचसी के समस्त अधिकार उनके हाथ में देकर अस्पताल की व्यवस्थाओं को सुधारने के निर्देश दिए हैं। बैठक में समस्त प्रोग्राम ऑफिसर, सिविल सर्जन, सीबीएमओ, एसएमओ, डीएएम, डीएएमओ, बीपीएम, बीसीएम सहित अन्य स्टाफ मौजूद था।

### जिला अस्पताल में डिलेवरी का लोड होगा कम

जिले की 21 पीएचसी यदि सक्रिय हो जाती हैं तो काफी हद तक जिला अस्पताल में मरीजों का लोड कम हो जाएगा। सामान्य डिलेवरी भी यदि इन पीएचसी पर होने लगेंगी तो जिला अस्पताल की डिलेवरी विंग का भी लोड भी कम हो जाएगा। वहीं, इन पीएचसी पर प्राथमिक उपचार सहित खून की जांच और आवश्यक दवाईयों के साथ साथ डॉक्टर और स्टाफ की मौजूदगी से मरीजों को काफी राहत मिलेगी।



### धाकड़ महासभा के जिला अध्यक्ष बने रामगोपाल नागर

खुजनेर। श्री धाकड़ महासभा युवा संघ मध्य प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा की गई है। श्री धाकड़ महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेंद्र नागर के निर्देशानुसार एवं धाकड़ महासभा युवा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अर्जुन धाकड़ की सहमति सरपंच रामगोपाल नागर की राजगढ़ जिला अध्यक्ष पद पर घोषणा की गई। इस मौके पर धाकड़ महासभा के पदाधिकारी व इष्ट मित्रों ने बधाई शुभकामनाएं दी।

गो तस्करों पर होगी कड़ी कार्यवाहीः एसपी तोलानी

# अपराधों की रोकथाम के लिए आमजनता का समर्थन जरूरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

हाल ही में पदस्थ राजगढ़ पुलिस अधीक्षक ने शनिवार को सारंगपुर थाने का आकस्मिक निरीक्षण किया इसके पूर्व बिजासन भैंसवा माता मंदिर की दान पेटी चोरी के आरोपी अंतरराज्यीय चोर गिरोह का पर्दा फांस किया, वही सारंगपुर थाने पर प्रथम आगमन पर एसडीओपी अरविंद सिंह के नेतृत्व में थाना प्रभारी आकांक्षा हाडा ने एसपी अमित तोलानी का पुष्प गुच्छा देकर स्वागत किया।

इसके बाद थाने के सभी कक्ष सहित हवालात का निरीक्षण किया उप निरीक्षक सहित विवेचकों से चर्चा की इसके बाद स्थानीय मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि सारंगपुर सहित जिले को अपराध मुक्त बनाना पहली प्राथमिकता है गो तस्करी के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि प्रदेश के अन्य थानों में सारंगपुर के अपराधियों के गौ तस्करी के मामले आते है जो दुर्भाग्य पूर्ण हैं, लेकिन ऐसे अपराधीयो पर अब कड़ी नकेल कसी जाएगी विभिन्न थानों को अपराधी पकड़ कर देंगे इतना ही नहीं उन आरोपियों पर जिला बदर सहित कड़ी कार्यवाही भी की जाएगी।

### तत्कालीन पुलिस अधीक्षक की चलाई अपराध मुक्त मुहिम जारी रहेगी

नगर में जुआ सट्टा स्मैक गौ तस्करी सहित चोरी आदि की घटना करीत करने वाले किसी भी अपराधी को बक्शा नहीं जायेगा। जनता का पुलिस से सीधा संवाद अपराधों की रोकथाम में संबल प्रदान करेगा,पुलिस की चुस्त दुरुस्त कार्य प्रणाली निरंतर रूप से चलती रहे इसके लिए जनता का समर्थन जरूरी है किसी भी प्रकार के अपराध में लिप्त अपराधियों की जानकारी सीधे मुझे से हर संभव उन अपराधियों पर कड़ी कार्यवाही कराई जाएगी ताकि राजगढ़ जिले में अपराध करने वाले अपराधियों की रूह कांप जाएं,पुलिस बल की कमी पर जबाव देते हुए कहा कि पुलिस बल की कमी है किंतु अभी शासन की और से पुलिस महकमे में नई भर्ती के साथ राजगढ़ जिले में नई आमद होने वाली हैं शीघ्र ही रिक्त पद की पूर्ति की जायेगी,सारंगपुर के अपराधियों का दूसरे थानों में नाम दर्ज होने से सारंगपुर की छवि धूमिल हो रही हैं इस पर अंकुश लगाते हुए ऐसे अपराधियों पर स्थानीय पुलिस विभिन्न धाराओं में अपराध दर्ज कर कठोर कार्यवाही करेंगी।पुलिस और प्रेस का समन्वय हमेशा बना रहे इस बात की चिंता भी की और कहा कि मीडिया हमारी आंख है मीडिया के माध्यम से ही काफी जानकारी मिलती है।

मुक्तिधाम में किया पौधरोपण, 15 जुलाई तक जारी रहेगा अभियान

# भाजपा कार्यकर्ता लगाएंगे रोज एक पौधा मां के नाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

पर्यावरण का संदेश यही है कि हम रोज एक पौधा जरूर लगाए ताकि हमारा पर्यावरण सुंदर बना रहे हरा भरा बना रहे इसी पहल को आगे बढ़ते हुए भारतीय जनता पार्टी ब्यावरा के मंडल अध्यक्ष राजू यादव ने बताया कि 5 जून पर्यावरण दिवस से 15 जुलाई डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती तक भारतीय जनता पार्टी मंडल ब्यावरा के द्वारा नगर के किसी भी सार्वजनिक स्थान पर जहां पौधौ का संरक्षण हो सके

प्रत्येक रोज एक पौधा या उससे अधिक पौधे लगाएंगे और जनता से भी हम अपील करेंगे की बारिश के मौसम में अधिक से अधिक पौधे लगाने का काम करें ताकि आगे यह पौधे पेड़ बनाकर लोगों को छाया और ऑक्सीजन देने का काम करें पर्यावरण को शुद्ध बनाने का काम करें रविवार को हम सब कार्यकर्ताओं ने मिलकर मुक्तिधाम परिसर में पौधै रोपने का काम किया सोमवार को हमारी टीम सरदार पटेल हाई स्कूल में एक पेड़ मां के नाम स्कूल के बच्चों के साथ एवं स्कूल प्रबंधन



के साथ पौधै लगाएगी और लोगों को भी हम प्रोत्साहित कर रहे हैं पार्षद विष्णु सामने कहा कि इस बारिश के मौसम में

पौधारोपण प्रत्येक व्यक्ति अपने परिवार के किसी भी सदस्य के जन्म दिवस पर एक पौधा अपनी मां के नाम जरूर लगाए, अपनी कॉलोनीयों के आसपास बने पार्क को सुंदर बनाने के लिए सभी लोग आगे आए अपना नगर पार्क को हम सब ने मिलकर एक सुंदर पार्क बनाया है वो जीता जागता उदाहरण है। हम सब का उद्देश्य है पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ मातृभूमि और मातृत्व का सम्मान करना है.इस दौरान पौधारोपण कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा मंडल अध्यक्ष राजू यादव पार्षद विष्णु साहू इंदर सिंह लववंशी, पूर्व जिला मंत्री दीपकमल शर्मा, मंडल उपाध्यक्ष सोनू जाटव बनवारी कुशवाहा, युवा मोर्चा जिला मंत्री मयूर गुप्ता युवा मोर्चा अध्यक्ष गिर्राज लववंशी आदि कार्यकर्ता।

### मायके के समीप रह रही महिला ने फांसी का फंदा बनाया और झूल गई

गुना। बीती शाम एक 35 वर्षीय महिला द्वारा फांसी के फंदे पर झूलकर आत्महत्या करने की घटना प्रकाश में आई है। मृतिका पति की मौत के बाद पिछले 5-6 साल से अपने बच्चों को लेकर श्रीराम कॉलोनी स्थित मायके के समीप रह रही थी। उल्लेखनीय है कि 35 वर्षीय कोशा बाई के पति की 5 साल पहले अशोकनगर में गला काटकर हत्या कर दी गई थी। इसके बाद से वह अपने श्रीराम कॉलोनी स्थित मायके के पास अलग घर में रह रही थी। उसकेदो बच्चे भी हैं, जिनमें से एक बेटी की शादी हो गई है, जबकि बेटा अशोकनगर में ही रहता है। कोशा बाई ने बीती शाम घर में ही फांसी का फंदा बनाया और झूल गई। इस आशय की जान कारी मिलते ही मायके वाले उसे लेकर अस्पताल पहुंचे, साथ ही पुलिस को भी इस आशय की जानकारी दी गई।

# बिजली कटौती के विरोध में कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

तलेन। पिछले करीब एक माह से विद्युत मंडल के द्वारा नगर व आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में बेतहाशा बिजली कटौती की जा रही है। भीषण गर्मी के मौसम में जिससे आम नागरिक का जीना मुश्किल हो गया है। बिजली कटौती का सीधा असर इलेक्ट्रिक व्यवसाय के साथ-साथ नगर की पानी सप्लाई पर भी पढ़ रहा है।

बिजली कटौती होने से नगर मे होने वाली जल सप्लाई अब 3 से 4 दिन छोड़कर हो रही है।जिससे आम नागरिक को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बिजली लुका छुपी का खेल खेलती है। कभी कबार तो लंबी चली जाती है। जो कई घंटे बिजली गुल रहती है। इसी प्रकार कभी मेंटेनेंस के नाम से कटौती की जाती है। जब चाहे जब मेंटेनेंस के नाम से



विद्युत सप्लाई बंद कर दी जाती है।शनिवार को कांग्रेस कार्यकर्ता के द्वारा बस स्टैंड से चलकर हाथो मे तख्ती लेकर विद्युत मंडल मुर्दाबाद ऊर्जा मंत्री मुर्दाबाद बिजली कटौती बंद करो बंद करो जैसे नारों के साथ रैली के रूप मे विद्युत मंडल कार्यालय पहुंचे कार्यलय मे पहुंचे कांग्रेस जन और उग्र हो गये जब जे.ई .पवन सिंह ठाकुर कार्यलय मे अनुपस्थिति मिले सभी लोग जे.ई. को ज्ञापन देने की मांग पर अड़े रहे। और वही धरने पर बैठकर जमकर नारेबाजी करने लगे। करीब 30-35 मिनट बाद जे.ई.विधुत मंडल कार्यालय आने के बाद ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष ने ज्ञापन पड़ कर सुनाया एवं मांग की गई की गई की 1-2 दिन मे अगर बिजली कटौती में सुधार नहीं हुआ तो कांग्रेस पार्टी शीर्ष नेतृत्व के द्वारा बिजली विभाग कार्यालय के सामने आष्टा पचोर स्टेट हाईवे जाम करके उग्र प्रदर्शन किया जाएगा। जिसकी समस्त जवाबदारी विद्युत मंडल की रहेगी। इसमें राधारमण तिवारी,संजय भट्टर, रईस मंसूरी, दिनेश यादव, मनोज यादव, रईस आगा, गजराज सिंह भाटी, बबलू मंसूरी, राकेश पटेल, जुगनू मंसूरी, जब्बार अंसारी, भागीरथ बाधैवाल, रामस्वरूप जाटव, कमल यादव, देवकरण जाधव, रामस्वरूप जाटव, अकरम शाह, कमल सिंह उमठ, दिनेश अग्रवाल, लाला बना, रतन सिंह यादव, शिवपाल सिंह, राजेश मालवीय, रणवीर सिंह उमठ, शाहिद खलीफा, जाहिद शाह सहित सभी कांग्रेस जन मौजूद रहे।

### बस स्टैंड स्थित पुलिस चौकी सहायता केंद्र पर कई वर्षों से लगा ताला, जल्द ही खुलने की कगार पर




छापीहेड़ा। बस स्टैंड स्थित एकमात्र पुलिस चौकी कई वर्षों से लगा ताला अब खुलने की कगार पर। छपियादा थाना प्रभारी सुनील केवट ने बताया कि हम जल्द इस पुलिस चौकी को खुलवाकर यहां पुलिस जवान की तैनाती करेंगे ताकि बस स्टैंड पर भी पुलिस की नजरे हर तरह से तैनात रहेगी। नगर में आम जनता का भी सुझाव यही निकला है कि इस खाली पुलिस चौकी में एक पुलिस जवान की तैनाती जरूरी ताकि बाहर से आने जाने वाले राहगीर भी चोर उचक्को से महफूज रहेंगे। हफ्ते में लगने वाले हाट बाजार में भी चोर उचक्कों से सावधान रहना पड़ता है क्योंकि नगर के आसपास सटें कई गांव पड़ते हैं जो हफ्ते में एक बार हाट बाजार लगता है उसमें भारी भीड़ लगती है इसी का फायदा उठाते हुए बाहर से आने जाने वाले चोर उचक्के कई लोगों के मोबाइल और सामान ले उड़ते हैं बस स्टैंड पर इस पुलिस चौकी जिसमें ताला लगा हुआ अगर इसको खोलकर इसमें एक पुलिस जवान को तैनात कर दें तो ऐसी चोरी की घटनाओं पर अंकुश लग सकता है।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष के चयन करने के लिए हुई रायशुमारी एवं बैठक का आयोजन

# सिफारिश नहीं बल्कि फील्ड रिपोर्ट से तय होंगे कांग्रेस जिलाध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

कांग्रेस संगठन को ज्यादा बेहतर और मजबूत बनाने के उद्धेश्य से प्रदेश नेतृत्व द्वारा जिलावार संगठनात्मक बदलाव के लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसी कड़ी में शनिवार को कांग्रेस के प्रदेश नेतृत्व द्वारा राजगढ़ भेजे गए पर्यवेक्षकों पूर्व सांसद फूलसिंह बरैया, सुरेंद्र सिंह, भैयाजी पंवार एवं आनंद प्रतापसिंह ने जिला कांग्रेस कार्यालय में जिले के पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की बैठक लेते हुए रायशुमारी की।

पर्यवेक्षकों की इस रायशुमारी के दौरान अध्यक्ष पद हेतु 11-12 नाम सामने आए हैं इनमें से छह नामों का पैनल तैयार कर उसे प्रदेश संगठन को भेजा जाएगा। इनमें अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, महिला और अल्पसंख्यक वर्ग से कम से कम एक-एक नाम होना आवश्यक रहेगा। हालांकि, अभी ब्लॉक स्तरों पर भी मीटिंगे आयोजित होनी हैं जिनमें जिलाध्यक्ष पद की दौड़ में शामिल होने के उत्सुक कुछ और नाम भी सामने आ सकते हैं। पूर्व में अक्सर देखने में आया है कि वरिष्ठ नेताओं की सिफारिश के आधार पर कांग्रेस पदाधिकारी चुन लिए जाते थे लेकिन इस बार संवाद और फील्ड रिपोर्ट के आधार पर जिलाध्यक्ष का चयन किया जाएगा।

### एक माह में पूर्ण होगी प्रक्रिया

जिला कांग्रेस कार्यालय में आहूत प्रेसवार्ता में पर्यवेक्षक भैयाजी पंवार ने बताया कि यह प्रक्रिया अगले 30 दिनों में पूरी की जाएगी। सभी जिलों से तैयार किए गए पैनल वरिष्ठ संगठन के सम्मुख रखे जाएंगे। संगठन द्वारा ही अंतिम निर्णय लिया जाएगा। उल्लेखनीय है नवंबर 2028 में आगामी विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में जिलावार संगठनात्मक बदलाव को आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारियों से भी जोड़कर देखा जा रहा है।

### जंगली जानवरों का प्रकोप बढ़ा, रोजडे के वार से किसान की मौत, जांच शुरू



सारंगपुर। राजगढ़ एवं शाजापुर जिले की सीमाओं में जंगली जानवरों का आतंक बड़े पैमाने पर है जंगली जानवर में नीलगाय रो ज डे ल क ड़ ब ग घा आदि जानवरों के करण किसान बेहद परेशान है, खेतों में जाकर नुकसान करते हैं अगर कोई किसान खेती की रखवाली करता है तो थोड़ी सी लापरवाही उस पर भारी पड़ जाती है। ऐसा ही वाक्या शनिवार रात को शाजापुर जिले के ग्राम धीनका में हुआ जंगली जानवर रोजडे के हमले से युवक सिद्धनाथ पिता मदन लाल पाल किसान की मौत हो गई। रविवार को सिविल अस्पताल सारंगपुर में किसान का पीएम हुआ जंगली जानवरों का आतंक इतना है कि अकेले जंगल में निकलना भारी पड़ रहा है।

### आधार बनाना हुआ आसान, नागरिकों को विभिन्न योजनाओं का मिल रहा लाभ

गुना। जिला गुना में कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक दुबे के मार्गदर्शन में जिले के लिए 12 नवीन आधार केंद्र स्वीकृत कराए गए हैं। प्रदेश में संचालित समस्त हितग्राहीमूलक योजनाएं जैसे :- प्रधानमंत्री जनमन, धरती आबा एवं खाद्यान्न योजनाओं के लिए नवीन आधार कार्ड एवं आधार अपडेशन की कार्यवाही की जाना होती है। इसी तारतम्य में इस प्रक्रिया को सुगम एवं सरल बनाए जाने के लिए इन मशीनों को जिले की विभिन्न विकासखंड में भेजा जा रहा है। जिनमें जनपद गुना में 5, जनपद पंचायत राघौगढ़ में 2, जनपद पंचायत बमौरी में 2, जनपद पंचायत चांचौड़ा में 1 एवं जनपद पंचायत आरोन में 2 मशीनों का आवंटन किया गया है। इस प्रक्रिया से दूरस्थ क्षेत्र में रहने वाले ग्रामीणों को भी आधार कार्ड बनवाने एवं अपडेशन करने में सुगमता होगी।